*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

# हिंदी विश्वविद्यालय में 21 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह

**विनोबा योग मंडल, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा आरोग्यधाम, सेवाग्राम का संयुक्त आयोजन**

दि. 18 जून 2015: अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार दि. 21 जून को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय का विनोबा योग मंडल, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा आरोग्यधाम, महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, सेवाग्राम के संयुक्त तत्वावधान में योग से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।



विश्वविद्यालय के नागार्जुन सराय अतिथि गृह के प्रांगण में प्रात: 7.00 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रार्थना, योगासन एवं संकल्प तथा स्वस्थ जीवन के लिए योग विषय पर परिचर्चा आदि कार्यक्रम शामिल हैं। योगासन का संचालन एवं निर्देशन अनेकांत स्वाध्याय मंदिर के डॉ. सुरेंद्र जैन एवं डॉ. प्रशांत करेंगे। नागार्जुन सराय के फेकल्टी एण्ड ऑफिसर्स क्लब के सभागार में योग पर आयोजित परिचर्चा में जेबीटीडीआरसी के निदेशक तथा महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, सेवाग्राम के समन्वयक डॉ. बी. सी.

हरिनाथ एवं मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रवीण खैरकार प्रमुख वक्ता के रूप में वक्तव्य देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे तथा स्वागत वक्तव्य प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र देंगे। कार्यक्रम की भूमिका विनोबा योग मंडल के संयोजक डॉ. अरूण प्रताप सिंह रखेंगे तथा संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन बी. एस. मिरगे प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सहभागी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का सायंकालीन सत्र सायं 6.00 बजे से महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, सेवाग्राम के आरोग्यधाम में संपन्न होगा। इस सत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्सव, आसन एवं प्राणायाम का प्रदर्शन और ध्यान संकल्प, योग पर वीडियो का प्रदर्शन तथा हेल्थ फूड आदि का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में सहभागी होने की अपील विश्वविद्यालय तथा आरोग्यधाम की ओर से की गयी है।